# वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व में बाघों की संख्या में वृद्धि

[**स्रोत: डाउन टू अर्थ**]

हाल ही में [राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण (NTCA)] ने आधिकारिक तौर पर **वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व (VTR)** में [बाघों] की आबादी में वृद्धि की घोषणा की।

- इसमें बड़ी बिल्लियों की संख्या में **31 (वर्ष 2018)** से **54 (वर्ष 2023)** तक की वृद्धि देखी गई।
- **बिहार सरकार कैमूर वन्यजीव अभयारण्य** को VTR के बाद **राज्य का दूसरा** [व्याघ्र अभयारण्य] घोषित करने के लिये **NTCA** की मंज़ूरी मिलने का इंतज़ार कर रही है।

## VTR में बाघों की संख्या क्यों बढ़ी है?

- VTR के अंदर **रेत और पत्थर के खनन पर पूर्ण प्रतिबंध** और इसके पर्यावरण-सुभेद्य क्षेत्र में **खनन पर सख्त प्रतिबंधों** से **घास के मैदान को विकसित करने में मदद** मिली।
- इस प्रकार **घास के मैदान के आवरण में वृद्धि** से **शिकारी जंतुओं की आबादी** को सहारा देने में मदद मिलती है, जिससे मांसाहारियों के जीवित रहने की संभावना बढ़ जाती है।
- यह रिज़र्व **स्थानीय निवासियों के बीच जागरूकता बढ़ाकर** और **मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने** के लिये क्षेत्र में तथा उसके आसपास खनन गतिविधियों की निगरानी कर बाघों के प्रबंधन व रखरखाव के लिये समर्पित है।
- **NTCA** ने रिज़र्व को **'बहुत अच्छा (Very Good)'** श्रेणी में रखा है।

## वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व (VTR) से संबंधित प्रमुख तथ्य क्या हैं?

- **VTR बिहार का एकमात्र बाघ अभयारण्य/टाइगर रिज़र्व** है, जो भारत में **हिमालय के तराई वनों** की सबसे पूर्वी सीमा का निर्माण करता है।
  - **VTR बिहार के पश्चिम चंपारण ज़िले** में स्थित है जो **उत्तर में नेपाल** तथा **पश्चिम में उत्तर प्रदेश** के साथ सीमा साझा करता है।
- **गंगा के मैदानी जैव-भौगोलिक क्षेत्र** में स्थित इस टाइगर रिज़र्व की वनस्पति **भाबर** तथा **तराई क्षेत्रों** का संयोजन है।
- **भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021** के अनुसार, इसके कुल क्षेत्रफल का **85.71%** भाग वनाच्छादित है।
- **वाल्मिकी टाइगर रिज़र्व** के वनों में पाए जाने वाले वन्य स्तनधारियों में **बाघ, स्लॉथ भालू, तेंदुआ, जंगली कुत्ता, बाइसन, जंगली सूअर** आदि शामिल हैं।
- **गंडक, पंडई, मनोर**, हरहा, मसान तथा भपसा नदियाँ इस अभयारण्य के विभिन्न हिस्सों से प्रवाहित होती हैं।




| | | |
|---|---|---|
| 1 | Valmiki NP | 335.65 |
| 2 | Barela S.A.Z.S. WLS | 1.96 |
| 3 | Bhimbandh WLS | 681.99 |
| 4 | Gautam Budha WLS | 138.34 |
| 5 | Kanwarjheel WLS | 63.11 |
| 6 | Kaimur WLS | 1342.00 |
| 7 | Kusheshwar Sthan WLS | 29.17 |
| 8 | Nagi Dam WLS | 1.92 |
| 9 | Nakti Dam WLS | 3.33 |
| 10 | Pant (Rajgir) WLS | 35.84 |
| 11 | Udaypur WLS | 8.87 |
| 12 | Valmiki WLS | 545.15 |
| 13 | Vikramshila Gangetic Dolphin WLS | 50.00 |

//

## राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) क्या है?

- **परिचय:**
  - **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** के अधीन एक **वैधानिक निकाय** है।
  - इसकी स्थापना **वर्ष 2005** में **टाइगर टास्क फोर्स** की अनुशंसाओं के साथ की गई थी।
  - **बाघ संरक्षण के सशक्तीकरण** के लिये **वर्ष 2006** में संशोधित वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के सक्षम प्रावधानों के तहत इसे गठित किया गया था।
- **उद्देश्य:**
  - प्रोजेक्ट टाइगर को **वैधानिक अधिकार** प्रदान करना ताकि इसके निर्देशों का कानूनी तौर पर अनुपालन हो।
  - हमारे **संघीय ढाँचे** के भीतर राज्यों के साथ **समझौता ज्ञापन** के लिये आधार प्रदान करके, टाइगर रिज़र्व के प्रबंधन में **केंद्र-राज्य** की **जवाबदेही** को बढ़ावा देना।

- **संसद द्वारा निगरानी** सुनिश्चित करना।
- टाइगर रिज़र्व के आसपास के क्षेत्रों में स्थानीय लोगों की आजीविका संबंधी हितों को संबोधित करना।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

## ??????????:

**प्रश्न. निम्नलिखित आरक्षित क्षेत्रों पर विचार कीजिये: (2012)**

1- बांदीपुर
2- भीतरकणिका
3- मानस
4- सुंदरबन

**उपर्युक्त में से कौन-से बाघ आरक्षित क्षेत्र घोषित हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (b)**

---

**प्रश्न. पारिस्थितिकि दृष्टिकोण से पूर्वी घाटों और पश्चिमी घाटों के बीच एक अच्छा संपर्क होने के रूप में निम्नलिखित में से किसका महत्त्व अधिक है? (2017)**

(a) सत्यमंगलम बाघ आरक्षित क्षेत्र (सत्यमंगलम टाइगर रिज़र्व)
(b) नल्लामला वन
(c) नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान
(d) शेषाचलम जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र (शेषाचलम बायोस्फीयर रिज़र्व)

**उत्तर: (a)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/increase-tiger-numbers-in-valmiki-tiger-reserve